
# बी.पी., शुगर, सिकलसेल एनीमिया व मानसिक स्वास्थ्य के मरीज के घर परिवार भ्रमण पुस्तक



राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, छत्तीसगढ़

| क्र. | विषय | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 1. | बी.पी. मरीज के घर सलाह | 1-9 |
| 2. | शुगर मरीज के घर सलाह | 10-14 |
| 3. | मानसिक स्वास्थ्य के मरीज के घर सलाह | 15-21 |
| 4. | सिकलसेल मरीज के घर सलाह | 22-28 |



**प्रथम संस्करण**

जुलाई- 2023

**परिकल्पना एवं निर्माण**

राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, छत्तीसगढ़

**डिजाईन एवं ले-आऊट**

राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, छत्तीसगढ़

**मुद्रण**

छत्तीसगढ़ संवाद

# बी.पी., शुगर, सिकलसेल एनीमिया व मानसिक स्वास्थ्य के मरीज के घर परिवार भ्रमण करना क्यों जरूरी है ?

- बी.पी., शुगर, सिकलसेल एनीमिया व मानसिक रोग लंबी व जीवन भर चलने वाली बीमारी है।
- इनकी दवाइयां लंबी चलती है, इसलिए बीच में छोड़ने की संभावना अधिक होती है।
- नियमित जांच व इलाज जारी रखने से मरीज ठीक रहता है।
- मितानिन के फालोअप से मरीज को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना आसान रहता है।
- मरीज को गंभीर समस्या होने से पहले पहचान होने पर भविष्य में होने वाले खतरों से बचा जा सकता है।

# बी.पी. मरीज के घर सलाह

## बी.पी. के मरीज को नियमित दवा सेवन करना चाहिए

☞ मितानिन को मरीज से पूछना चाहिए कि वह नियमित दवा खा रहे हैं कि नहीं ?

☞ कल दवा खाये थे कि नहीं ? यह भी पूछना चाहिए।

- मरीज यदि नियमित दवा नहीं खा रहे हैं, तो उन्हें नियमित दवा खाने के बारे में सलाह देना चाहिए।



**क्या देखना चाहिए -**

☞ दवा का पत्ता देखना चाहिए, जिससे सुनिश्चित कर सकते हैं कि मरीज नियमित दवा खा रहे हैं।

**फायदा -**

☞ नियमित दवा खाने से बी.पी. ठीक रहता है।

## मरीज को हर माह बी.पी. जांच कराना चाहिए

☞ मितानिन को मरीज से पूछना चाहिए कि आप पिछले माह बी.पी. जांच कराये हैं कि नहीं ?

- मरीज यदि पिछले माह बी.पी. जांच नहीं करवाएं हैं, तो उन्हें जांच कराने के लिए पास के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर जाने की सलाह देना चाहिए।



**फायदा -**

☞ बी.पी. की दवा खाने के बाद भी कभी-कभी बी.पी. बढ़ सकता है। इसलिए मरीज को हर माह बी.पी. जांच कराना चाहिए। इससे बी.पी. बढ़ा है कि ठीक है, उसका पता चलता है।

# मितानिन के पास बी.पी. मशीन हो तो हर माह मरीज का जांच करना चाहिए

☞ मितानिन बी.पी. मरीज के घर परिवार भ्रमण में जाए तो हर माह उनका बी.पी. जांच करना चाहिए।

☞ मितानिन द्वारा जांच करने पर क्या रीडिंग आया उसे मरीज को बताना चाहिए।

- यदि बी.पी. अधिक है तो डॉक्टर के पास भेजना चाहिए। हो सकता है डॉक्टर दवा या डोज बदलकर बी.पी. को कम रख पाएंगे।





**फायदा -**

☞ हर माह बी.पी. जांच होने से मरीज की स्थिति का पता चलता है।

## बी.पी. को ठीक रखने के लिए क्या-क्या खाना चाहिए

☞ मितानिन को मरीज से खान-पान के बारे में पूछना चाहिए कि वे अभी क्या-क्या खाते हैं ?

☞ हरी-साग-सब्जी, मौसमी फल, दाल, खाने के बारे में सलाह देना चाहिए।




**फायदा -**

☞ खान-पान में बदलाव से बी.पी. ठीक रहने में मदद मिलता है।

## बी.पी. को ठीक रखने के लिए क्या-क्या नहीं खाना चाहिए

☞ मितानिन द्वारा मरीज को नमक कम खाने, अधिक नमक की चीजें जैसे-पापड़, नमकीन, चिवड़ा, सेव, अचार नहीं खाने के बारे में बताना चाहिए।



नमक



अचार



पापड़



सेव

☞ बी.पी. को ठीक  रखने के लिए तंबाखू, गुटखा, गुड़ाखू, सिगरेट-बीड़ी आदि चीजों का उपयोग बंद कर देना चाहिए।



तंबाखू



गुटखा



सिगरेट



गुड़ाखू

**फायदा -**

☞ खान-पान में बदलाव से बी.पी. ठीक रहने में मदद मिलता है।

# बी.पी. बढ़ने से होने वाले खतरे

☞ **बी.पी. बढ़ने से क्या खतरे हो सकते हैं, उसे बताना चाहिए -**

**हार्टअटैक हो सकता है**






**लकवा हो सकता है**

## मरीज को व्यायाम करना चाहिए

☞ मितानिन को पूछना चाहिए कि क्या आप कसरत, व्यायाम करते हैं ?

- यदि मरीज व्यायाम/कसरत नहीं करते हैं, तो हल्के व्यायाम करने के बारे में सलाह देना चाहिए।





**फायदा -**

☞ शारीरिक श्रम, कसरत करने, भरपूर नींद लेने से शरीर स्वस्थ रहता है।

# शुगर मरीज के घर सलाह

# हर माह शुगर जांच कराना चाहिए

## मितानिन क्या पूछेगी -

☞ क्या पिछले माह आपका शुगर जांच हुआ है ?

- यदि नहीं हुआ है तो हर माह जांच कराने की सलाह देना चाहिए।



## फायदा -

☞ हर माह शुगर जांच कराने से शुगर ठीक है कि बढ़ा है, उसका पता चलता है।

## शुगर के मरीज को दवाई नियमित खाना चाहिए

☞ मितानिन को मरीज से पूछना चाहिए कि आप नियमित (हर रोज) दवा खा रहे हैं कि नहीं ?

- यदि दवा नियमित नहीं खा रहे हैं तो नियमित खाने की सलाह देना चाहिए।



### क्या देखना चाहिए -


☞ दवा का पत्ता देखना चाहिए, जिससे सुनिश्चित कर सकते हैं कि मरीज नियमित दवा खा रहे हैं।


### फायदा -


☞ शुगर की दवा नियमित खाने से शुगर ठीक रहता है।

# शुगर बढ़ने से होने वाले खतरे

☞ **शुगर बढ़ने से क्या खतरे हो सकते हैं, उसे बताना चाहिए -**













# शुगर की रोकथाम और नियंत्रण

☞ शुगर को ठीक रखने के लिए निम्न तरीकों को बताना चाहिए -



तेज चलना






शराब व धूम्रपान से बचना



सभी प्रकार की चीजें खाना



शुगर की नियमित जांच कराते रहना



नियमित दवाई खाना



पैरों का विशेष ध्यान रखना



डॉक्टर से नियमित जांच कराना

**फायदा -**

☞ ऊपर बताये गये तरीकों को अपनाकर शुगर को ठीक कर सकते हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य के मरीज के घर परिवार भ्रमण

## मरीज का हाल-चाल जानना चाहिए

☞ मितानिन को मरीज/परिवार से पूछना चाहिए कि वे अभी कैसे हैं ?

- यदि कोई समस्या है तो उसको जानने का प्रयास करना चाहिए।



## मरीज को डॉक्टर के पास फालोअप के लिए जाना चाहिए

☞ मितानिन को मरीज/परिवार से पूछना चाहिए कि आप डॉक्टर की सलाह अनुसार अस्पताल जा रहे हैं कि नहीं ? आखिरी बार कब डॉक्टर को दिखाये थे ?

- यदि नहीं गए हैं तो उन्हें अस्पताल जाने की सलाह देना चाहिए।
- डॉक्टर से नियमित चेक कराना जरूरी है यह जानकारी देना चाहिए।



**फायदा –**

☞ डॉक्टर की सलाह अनुसार फालोअप के लिए अस्पताल जाने से मरीज की स्थिति के बारे में डॉक्टर को पता चलते रहता है।

# मानसिक स्वास्थ्य के मरीज को झाड़फूंक नहीं कराना चाहिए

☞ मितानिन को मरीज/परिवार से पूछना चाहिए कि मरीज को झाड़फूंक तो नहीं करा रहे हैं ?

- यदि झाड़फूंक करा रहे हैं तो सलाह देना चाहिए कि यह एक बीमारी है जो झाड़फूंक से ठीक नहीं होगा, इलाज से ठीक हो सकता है।



**नुकसान -**

☞ झाड़फूंक में समय नष्ट करने से इलाज में देरी हो सकती है, जिससे मरीज की स्थिति और बिगड़ सकती है एवं मरीज को नुकसान हो सकता है।

## मरीज को नियमित दवा खाना चाहिए

☞ मितानिन को मरीज/परिवार से पूछना चाहिए कि आप रोज दवा खा रहे हैं कि नहीं ?

- यदि रोज दवा नहीं खा रहे हैं, तो दवा रोज खाने की सलाह देना चाहिए।



**फायदा -**

☞ रोज दवा खाने से मरीज की स्थिति ठीक रहती है।

## मरीज को खान-पान, नींद और हल्के व्यायाम के बारे में सलाह देना चाहिए

- ☞ मितानिन को मरीज/परिवार से पूछना चाहिए कि अभी खाने में क्या-क्या खाते हैं ?
- ☞ कितने घंटे सोते हैं ?
- ☞ क्या व्यायाम करते हैं ?

सभी प्रकार की चीजें खाने की सलाह देना चाहिए





भरपूर नींद लेने की सलाह देना चाहिए

हल्के व्यायाम करने की सलाह देना चाहिए



**फायदा -**


- ☞ इससे मरीज की स्थिति में जल्दी सुधार होता है।

## मरीज के साथ परिवार को प्यार, सहानुभूति और अपनेपन का व्यवहार करना चाहिए

☞ मितानिन को परिवार से पूछना चाहिए कि आप लोगों का मरीज के प्रति व्यवहार कैसा है ?



- यदि मरीज के साथ दुर्व्यवहार हो रहा हो जैसे उसे बंद करके रखा गया हो, बेड़ियों में रखा गया हो तो ऐसा नहीं करने की सलाह देना चाहिए।



**फायदा -**


☞ मरीज के साथ प्यार, सहानुभूति और अपनेपन का व्यवहार करने से मरीज को ठीक होने में मदद मिलता है।

# सिकलसेल मरीज के घर परिवार भ्रमण

## सिकलसेल कार्ड देखना चाहिए


☞ मितानिन को व्यक्ति से पूछना चाहिए कि क्या आपके पास सिकलसेल कार्ड है ?

- यदि व्यक्ति के पास कार्ड है, तो उसे देखकर सुनिश्चित करना चाहिए कि AS (वाहक) हैं अथवा SS (रोगी) हैं।
- यदि सिकलसेल कार्ड नहीं हैं तो दोबारा जांच कराने की सलाह देना चाहिए।










### फायदा -


☞ सिकलसेल कार्ड रहने से AS (वाहक) अथवा SS (रोगी) होने की जानकारी हो जाती है।

## सिकलसेल वाहक (AS) को क्या सलाह देना चाहिए

☞ सिकलसेल वाहक होने की पुष्टि होने पर उन्हें समझाना चाहिए कि आपको कोई बीमारी नहीं है।

☞ आपको किसी प्रकार के इलाज की आवश्यकता नहीं है।

☞ आप सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन जी सकते हैं।



# सिकलसेल मरीज (SS) को क्या सलाह देना चाहिए

☞ मितानिन द्वारा मरीज से पूछना चाहिए कि पिछले एक वर्ष में क्या आपको खून चढ़ाना, हाथ पैरों की जोड़ों में तेज दर्द होना जैसी कोई समस्या हुई है ?

- यदि उपरोक्त समस्या हुई है तो इलाज के बारे में जानना चाहिए।
- सरकारी अस्पताल में इलाज होने की जानकारी देना चाहिए।







**फायदा -**

☞ सरकारी अस्पताल में जांच, दवाईयां निःशुल्क मिलती है।

# सिकलसेल मरीज को नियमित दवा खाना चाहिए

☞ मितानिन द्वारा मरीज से पूछना चाहिए कि क्या डॉक्टर ने आपको हाइड्रोक्सीयूरिया की दवाई दिये हैं ?

- यदि हां तो नियमित दवा खाने के बारे में सलाह देना चाहिए।



**फायदा -**


☞ नियमित दवा खाने से मरीज की स्थिति ठीक रहती है। उन्हें गंभीर दर्द नहीं होगा और खून चढ़ाने की जरूरत नहीं होगी।

## सिकलसेल मरीज को ध्यान रखने वाली बातें बताना चाहिए

☞ मितानिन द्वारा मरीज को निम्नलिखित ध्यान रखने वाली बातें बताना चाहिए -



पानी ज्यादा पीना चाहिए



ज्यादा ठंडी चीजों के सेवन से बचना चाहिए



ठंड के समय शरीर को गर्म रखना चाहिए



शरीर में दर्द होने पर सिकाई करना चाहिए

**फायदा -**

☞ उपरोक्त बातों को अपनाने से मरीज को होने वाले तकलीफ से आराम मिलता है।


# सिकलसेल मरीज के अधिकार के बारे में बताना चाहिए




सिकलसेल मरीज का
विकलांगता प्रमाण पत्र बनता है




सिकलसेल मरीज बच्चे
स्कूल जा सकते हैं



सिकलसेल मरीज काम कर सकते हैं






**- परिकल्पना एवं निर्माण -**

**राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, छत्तीसगढ़**

बिजली ऑफिस चौक, कालीबाड़ी रायपुर-492001

दूरभाष : 0771-2236175, 4247444

प्रतियां-77,000